डी. ए. वी. पब्लिक स्कूल, वेलचेरी, चेन्नई – 42

मानवाधिकार और मौलिक कर्त्तव्य दिवस समारोह 2021

जब होगी मानव अधिकारों की रक्षा,

समाज में सबका विकास होगा अच्छा ।

डी. ए. वी. पब्लिक स्कूल, चेन्नई के तत्त्वावधान में लोगों में मानवाधिकार और मौलिक कर्त्तव्य के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए मानवाधिकार और मौलिक कर्त्तव्य दिवस गूगल मीट के माध्यम से यू ट्यूब में लाइव स्ट्रीम किया गया । इस समारोह का मुख्य उद्देश्य लोगों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और भेदभाव को रोकना है । इस वर्ष मानवाधिकार दिवस के आयोजन का विषय 'समानता–असमानताओं को कम करना, मानव अधिकारों को और बेहतर करना' है ।

इस मनोरंजक और ज्ञानवर्धक कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभावशाली गायत्री मंत्र के साथ हुआ । पहले मानवाधिकार दिवस मनाने के महत्त्व पर एक ओजपूर्ण भाषण दिया गया, जिसमें बताया गया कि प्रत्येक देशवासी का मौलिक कर्त्तव्य बनता है कि भारत की प्रभुता, एकता और अखंडता की रक्षा करे और उसे अक्षुण्ण रखे । कार्यक्रम के अगले चरण में विद्यार्थियों ने एक शानदार तमिल नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया, जिसमें इस बात पर प्रकाश डाला गया कि देश के नागरिकों के रूप में मौलिक कर्त्तव्यों का निर्वहन करना कितना आवश्यक है, ताकि हमारे देश को रहने के लिए एक बेहतर जगह बना सके ।

कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए एक शिक्षाप्रद खेल 'शिपरेक' द्वारा मानव अधिकारों के संरक्षण में सक्रियता की भूमिका से अवगत कराया गया । इसके बाद विद्यार्थियों द्वारा वैश्विक अधिकारों पर एक प्रस्तुति दिखाई गई । इस अंतर्दृष्टिपूर्ण प्रस्तुति के तत्पश्चात मानवाधिकारों के उल्लंघन पर एक प्रेरणादायक वृत्तचित्र भी प्रस्तुत किया गया । अंत में धन्यवाद ज्ञापन एवं शांति पाठ के साथ समारोह का समापन हुआ ।

डी. ए. वी. पब्लिक स्कूल, वेलचेरी, चेन्नई – 42

मानवाधिकार और मौलिक कर्त्तव्य दिवस समारोह 2021

शानदार तमिल नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति



शिक्षाप्रद खेल 'शिपरेक'



वैश्विक अधिकारों पर एक प्रस्तुति



मानवाधिकारों के उल्लंघन पर एक प्रेरणादायक वृत्तचित्र